## खबर संक्षेप

### नगर में जगह-जगह हो रहे गड्ढे भरे विभाग - राय

**छिंदवाड़ा।** पिछले कई दिनों से नगर निगम की सीमा से लगे क्षेत्रों के चारों ओर जगह-जगह गड्ढे दिखाई दे रहे हैं। जिसके कारण आये दिन दुर्घटनायें होती जा रही है, इस विषय को लेकर शिवसेना नेता नितिन राय ने नगर निगम एवं पी.डब्लू.डी. विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से नगर की सीमा से लगे क्षेत्रों में शीघ्र ही इन गड्ढों को भरने एवं स्पीड ब्रेकर बनाने की बात कही है।

### 2 दिनों में 2 युवतियों ने लगाई फांसी

**पांढुर्ना।** विकासखंड के ग्राम भंडारगोंदी में कल रात्रि में एक 22 वर्षीय युवती रूचीका हिवसे ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवती के हाथों पर ब्लेड से काटने के निशान देखे गए। मृतका ने जब आत्महत्या की तब घर में कोई नहीं था। इसके दो दिन पूर्व नगर में ज्योत्सना राउत नामक नर्स ने फांसी लगा ली थी। प्राप्त जानकारी के अनुसा ज्योत्सना नागपुर के एक नीजी अस्पताल में नर्स का काम करती थी। ज्योत्सना पिछले 20-25 दिनों से नागपुर नहीं गई थी। दोनों युवतियों की आत्महत्या के मामले में पुलिस छानबीन कर रही है।

### 645 विद्यार्थियों को मिली लैपटॉप की राशि



**पांढुर्ना।** इस बार पांढुर्ना जिले में म.प्र. मा.शि.म. की 12 वी बोर्ड परीक्षा में 75 या उससे अधिक प्रतिशत अंक हासिल करनेवाले 645 छात्र छात्राओं को म.प्र. शासन की ओर से लैपटॉप खरीदने के लिए 25-25 हजार रू. सहायता राशि प्राप्त हुई। इस अवसर पर संपन्न हुए समारोह में कलेक्टर अजय देव शर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष संदीप घाटोडे तथा अन्य जन प्रतिनिधिगण मौजूद रहे। कलेक्टर ने इस अवसर पर छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार इस योजना के माध्यम से उन मेधावी विद्यार्थियों को शिक्षा से जोडना चाहती है जो आर्थिक कारणों से संसाधन नहीं जुटा पाते। शिक्षा को तकनिकी आधार एवं दिशा देने में यह योजना मील का पत्थर साबित होगी। इस समारोह में जिला भाजपा मंडल अध्यक्ष बंटी छांगानी, पार्षदगण, बीईओ एचबी हांडे, प्राचार्य सीएस बरेठ और अन्य शामिल रहे।

## पर्यटन विभाग के सेप्टिक टैंक पर सार्वजनिक शौचालय बनाने का मामला आया सामने

# टूरिज्म डिपार्ट की होटल के सेप्टिक टैंक पर तामिया के सचिव ने किया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



तामिया लोक निर्माण विभाग का रेस्ट हाउस अपनी प्राकृतिक सौंदर्य की पहचान रखने के कारण यहां का विहंगम दृश्य देखने जिले भर के साथ साथ महाराष्ट्र एवं अन्य जिलों से प्राकृतिक नजारा देखने आते हैं। नजारा देखने वालों का आलम यह हो गया है कि अब यहां पर चौपाटी जैसा माहौल लगने वाली दुकानों ने निर्मित कर रखा है। हजारों की संख्या में महिला पुरुष बच्चे यहां पहुंचते हैं। बस इसी को ढाल बनाकर तामिया पंचायत सचिव ने यहां पर आने वालों के लिए शौचालय निर्माण का मन बनाया और यही निर्माण उनके अवैध कमाई का जरिया बन बैठा। सचिव ने महिला सरपंच की मासूमियत का फायदा उठाकर प्रस्ताव पास कर शौचालय निर्माण शुरू किया। यह किस मद से है इसका किसी को पता नहीं क्योंकि निर्माण कार्य का सूचना फलक नहीं लगा। हद तो तब हो जाती है कि सचिव ने मध्य प्रदेश टूरिज्म विभाग द्वारा बनाई गई होटल के सेप्टिक टैंक पर शौचालय बना डाला जिससे समझा जा सकता है कि सचिव फर्जी बाडे के माध्यम से पैसा कमाने में कितने माहिर है।

इसका जीता जागता उदाहरण टूरिज्म डिपार्ट की होटल के सेप्टिक टैंक पर कब्जा करने से भी गुरेज नहीं किया। इस तरह समझा जा सकता है कि सचिव को आला अधिकारियों का खुला संरक्षण त मिला हुआ है। जिसके बलबूते वह इतने बड़े फर्जी बाड़े करने से भी नहीं हिचक रहे हैं। इस तरह शौचालय जैसे छोटे निर्माण में बड़ा फर्जी बाड़ा सामने आया है। यदि सेप्टिक टैंक एवं शौचालय के निर्माण कार्य में लगे टाइल्स लैट्रिन सीट दरवाजे रोशन दान वाश बेसिन सहित सामग्री की अगर जांच करेंगे तो यह सामग्री थर्ड ग्रेड की लगाई गई है, लेकिन इनके इतने फर्जी बाडे उजागर होने के बाद भी कार्यवाही नहीं होना सचिव का रसूख प्रदर्शित करता है।

## न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी परासिया का फैसला

# चैक बाउंस मामले में श्रीवास्तव को न्यायालय ने सुनाई सजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

नगर पालिका परिषद डोंगर परासिया के पी एच ई विभाग में कार्यरत कर्मचारी नरेंद्र श्रीवास्तव पिता चुन्नीलाल निवासी वार्ड क्रमांक 5 मैगजीन लाइन परासिया के विरुद्ध मैगजीन लाइन निवासी परिवादनी निर्मिला डोंगरे द्वारा न्यायिक दंडधिकारी प्रथम श्रेणी परासिया में पराक्रम लिखित अधिनियम कि धारा 138 के अधीन प्रस्तुत दण्डिक प्रकरण क्रमांक NIA-186/2023 में सम्पूर्ण विचारण पश्चात दिनाँक 3/07/2025 को पारित निर्णय में न्यायलय ने परिवादनी के अधिवक्ता राकेश डेहरिया द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य एवं तर्क से सहमत होते हुए आरोपी नरेन्द्र श्रीवास्तव को पराक्रम लिखत अधिनियम कि धारा 138 के आरोप सिद्ध पाये जाने पर 6 माह के कठोर कारावास के दंड से दण्डित किये जाने के साथ ही विवादित चैक में वर्णित राशि पर 9 % ब्याज के साथ कुल 425500 रु मूल राशि एवं प्रथक से 15000 रु प्रकरण के व्यय के रूप में परिवादनी को अदा करने का निर्णय घोषित किया गया प्रतिकर राशि अदा न करने कि दशा पर दोषी को दो माह का आतिरिक्त कठोर कारावास भुगताय जाने का निर्णय घोषित किया गया परिवादी कि तरफ से अधिवक्ता राकेश डेहरिया ने पैरवी की।

# अपनी ही भूमि नहीं बचा पा रहा राजस्व विभाग

## कुकड़ाचिमन में चरनोई की और पहाड़ चट्टान मद की भूमि पर अतिक्रमण कर लगाई मक्का की खेती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिले में अतिक्रमणकारियों से अब राजस्व विभाग ही प्रताड़ित है। शासन के द्वारा की गई अतिक्रमण मुक्त करवाई गई कृषि भूमि पर दबंगों ने पुनः अतिक्रमण किया। राजस्व विभाग की मिलीभगत होने की आशंका से भी इंकार नहीं किया जा सकता क्योंकि शिकायतकर्ता और ग्रामीणों की लाख कोशिशों के बाद भी राजस्व विभाग सहयोग करने को तैयार नहीं। सार्वजनिक उपयोग की भूमि खुलेआम अतिक्रमण की भेंट चढ़ गई है।

जिला मुख्यालय से लगे महज 13 कि.मी. की दूरी पर लगे ग्राम कुकड़ाचिमन जो कि तहसील मोहखेड़ में हाईवे रोड से लगी शासकीय चरनोई भूमि खसरा नंबर 27 एवं पहाड़ चट्टान मद की भूमि खसरा नंबर 24 व खसरा नंबर 28/1 शासकीय भूमि हाईवे रोड़ क्रमांक 347



पर स्थित है जिसमें विगत 5-6 वर्षों से ग्राम कुकड़ाचिमन के अतिक्रमणकारी माफिया अजय माहोरे एवं विजय माहोरे पिता शीतल प्रसाद कलार के द्वारा अवैधानिक रूप से अतिक्रमण करके फसल लगाकर अवैध आय अर्जित की जा रही है जिसकी पूर्व में ग्रामीणों के द्वारा जिला प्रशासन में बैठे जिम्मेदार राजस्व अधिकारियों व वरिष्ठ अधिकारियों को अतिक्रमण हटाने के संबंध में ज्ञापन शिकायत सी.एम. हेल्पलाईन अन्य तरीके से अवगत कराया था जिसमें तत्कालिक तहसीलदार तहसील मोहखेड़ के द्वारा ग्राम कुकड़ाचिमन जो कि अर्जुनवाड़ी पंचायत के अन्तर्गत आता है में राजस्व दल एवं पुलिस बल के साथ शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाकर कब्जा मुक्त किया था लेकिन भूमाफिया अतिक्रमणकारी अजय माहोरे एवं विजय माहोरे के द्वारा अवैधानिक ढंग से पुनः खसरा नंबर 27,24 एवं 28/1 के सम्पूर्ण भूभाग पर अवैध अतिक्रमण करके वर्तमान में मक्के की फसल लगा रखा है।

उक्त शासकीय भूमि को तत्कालिक तहसीलदार मोहखेड़ द्वारा ग्राम पंचायत अर्जुनवाड़ी के संरक्षण में दी गयी थी लेकिन माफिया के द्वारा ग्राम पंचायत के रोकने पर भी जबरन अतिक्रमण कर लिया है इस संबंध में ग्राम पंचायत अर्जुनवाड़ी के उपसरंपच तरूण कुमार माहोरे के द्वारा लिखित शिकायत आवेदन जिला कलेक्टर छिन्दवाड़ा एवं मुख्यमंत्री और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को प्रेषित किया है जिसमें अतिक्रमणकारी को वर्तमान तहसीलदार द्वारा अतिक्रमण की जानकारी होने के बावजूद भी भूमाफिया अतिक्रमणकारी के विरूद्ध कार्यवाही नहीं की गयी है जिला प्रशासन शहरी क्षेत्र में छोटे-छोटे अतिक्रमणों को हटाने के लिये कार्यवाही कर रहा है लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में राजस्व विभाग अपनी ही शासकीय भूमि को अतिक्रमण होने से नहीं बचा पा रहा है उक्त शासकीय भूमि वृक्षारोपण एवं अन्य कार्यों के लिये प्रस्तावित है लेकिन अतिक्रमण होने से ग्राम पंचायत एवं ग्रामवासी कोई भी जनहित के कार्य नहीं करवा पा रही है ग्राम पंचायत अर्जुनवाड़ी के उपसरंपच तरूण कुमार माहोरे के द्वारा जिला कलेक्टर से मांग की गयी है।

## आज लगेगा साप्ताहिक बाजार

**दमुआ।** रविवार को लगने वाला साप्ताहिक बाजार हाट मोहर्रम पर्व को ध्यान में रखते हुये दिन शनिवार ही साप्ताहिक बाजार हाटा लगेगा समस्त व्यापारीबन्धु दुकानदारो को अवगत हो कि मोहर्रम पर्व पर उक्त कार्यक्रम एम.पी.आई. ग्राउंड दमुआ में विगत कई वर्षो से किया जाता है और रविवार के दिन ही मोहर्रम का पर्व पडने के कारण एक दिन पूर्व शासन प्रशासन एव आमनागरिकों की सहमति से आज दिन शनिवार को ही उक्त साप्ताहिक बाजार लगने जा रहा है।

## कछुआ गति से चल रहा नाली का निर्माण कार्य

**दमुआ।** नगर पालिका दमुआ के निकाय क्षेत्र वार्ड क्र 13 पुराना बस स्टेण्ड क्षेत्र दमुआ में सकरी गली बसाहट क्षेत्र मे बारिश के मौसम में नाली का निर्माण कार्य चल रहा है मिली जानकारी के अनुसार ज्ञात हुआ है कि नाली का निर्माण कार्य कछुआ गति से चल रहा है नाली खोदकर खुली अवस्था में छोड दी गई है और छड बांध दिया गया है और निर्माण कार्य रूका पडा हुआ है जिसकी वजह से आने जाने वाले नागरिको को दिक्कत परेशानी हो रही है एवं रात्रि समय पर लोग आने जाने में दुर्घटना का शिकार हो रहे है।

## सांसद ने दो लोगों को दिलाई आर्थिक सहायता

**छिंदवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू अपनी व्यस्तता के बाद भी सेवा कार्य में लगे हुए है। सांसद श्री साहू को जानकारी मिली थी कि आर्थिक रूप से कमजोर दो मरीजों का इलाज नही हो पा रहा है। जिसे गंभीरता से लेते हुए उन्होंने अपनी पदयात्रा के दौरान ही दोनो मरीजों के आवेदनों पर अपनी सहमती जताते हुए मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव को पत्र भेजते हुए उनसे मरीजों को बीमारी के लिए आर्थिक सहायता स्वीकृत करने का निवेदन किया था।

## गोधूलि वृद्धाश्रम सर्वोदय अहिंसा अभियान

**छिंदवाड़ा।** हम संकल्प लेते हैं कि जीव रक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करते हुए एक पौधा मां के नाम लगाएंगे, प्लास्टिक का उपयोग बिल्कुल भी नहीं करेंगे और अपने प्रिय छिंदवाड़ा को स्वच्छ - स्वस्थ एवं सुंदर बनाने में अपना योगदान देंगे....उक्त संकल्प नगर के गोधूलि वृद्धाश्रम में चलाए गए सर्वोदय अहिंसा अभियान के तहत अहिंसा प्रेमियों को दिलाया।

सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक एवं नगर पालिक निगम स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर ने जिनके साथ अनूप श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में अहिंसा प्रेमी उपस्थित रहे।सभी ने गोधूलि वृद्धाश्रम में निवास कर रहे 86 बुजुर्गों की कुशल क्षेम पूछी ओर सेवा कार्य कर उन्हें बहुत ही आदर एवं विनय भाव से भोजन कराया, इस अवसर सभी बुजुर्गों सहित उनकी सेवा में सलग्न सेवा कर्मियों का शॉल से सम्मान किया।

# भजनों और गीतों की सुमधुर धुन के साथ आगे बढ़ रहे दादा भक्त

## आशापुर मार्ग के घने जंगलों से होते हुए खंडवा की ओर बढ़ रहे दादा भक्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

दादाजी धुनीवाले के भजनों और गीतों की सुमधुर धुन में लीन होकर दादाजी धुनी वाले के भक्तगण दादाजी धुनीवाले खंडवा के मार्ग पर आगे बढ़ रहे है। सांसद बंटी विवेक साहू अपने चौथे संकल्प को पूरा करने के लिए 14 दिवसीय 411 किलोमीटर की पदयात्रा पर अपने पदयात्रियों के साथ निरंतर पदयात्रा कर रहे है। पदयात्रा के नौवें दिन सांसद श्री साहू सहित दादा भक्त पदयात्रियों का हौसला बढ़ाने और पदयात्रा में शामिल होने के लिए छिन्दवाड़ा गांधीगंज से बड़ी संख्या में व्यापारीगण व छिन्दवाड़ा शहर के प्रतिष्ठित नागरिक सहित पांढुर्णा शहर और जिले के विभिन्न गांवों के प्रतिष्ठित नागरिकगण पदयात्रा में शामिल हुए। सांसद श्री साहू सहित पदयात्रा में चल रहे बड़ी संख्या में पदयात्री आशापुर मार्ग के घने जंगलों से होते हुए दादाजी धुनीवाले खंडवा के दरबार में माथा टेकने के लिए दादा भक्त निरंतर पदयात्रा कर रहे है। सांसद श्री साहू और दादा भक्त पदयात्रियों ने अपनी नौंवे दिन की पदयात्रा की शुरूआत चिखली से 4 जुलाई की सुबह रथ में स्थापित मां नर्मदा के जलकलश और दादाजी धुनीवाले की पूजा अर्चना और आरती के साथ की। चिखली से प्रारंभ हुई पदयात्रा आशापुर के घने जंगलों और विभिन्न गांवों और कस्बों से होते हुए दोपहर में नांदा पहुंची। जहां पर सांसद श्री साहू और पदयात्रियों ने दोपहर का भोजन किया।

# चौरई पुलिस ने मोहर्रम पर्व को लेकर निकाला फ्लैग मार्च



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने को लेकर चौरई पुलिस द्वारा गुरुवार को नगर में फ्लैग मार्च निकाला गया। यह फ्लैग मार्च थाना प्रभारी गणपत उइके की अगुवाई में पुलिस बल के साथ नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए निकला।फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस ने चौरई नगर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और विभिन्न स्थानों पर की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। साथ ही, संवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी रखने और जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

इस अवसर पर पुलिस प्रशासन ने आमजन से भी अपील की कि मोहर्रम पर्व को शांति और आपसी भाईचारे के साथ मनाएं। अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।पुलिस द्वारा की गई इस पहल से नगरवासियों में सुरक्षा को लेकर विश्वास बढ़ा है और लोगों ने फ्लैग मार्च का स्वागत किया फ्लैग मार्च में थाना प्रभारी गणपत उइके के साथ पूरा चौरई स्टाफ मौजूद रहा।

# पूर्व राज्यपाल ने चौरई जन अभियान परिषद की टीम का किया सम्मान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के स्थापना दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय पर स्वैच्छिकता पर्व का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व राज्यपाल सुश्री अनुसूइया उइके जी ने चौरई विकास खंड समन्वयक एडवोकेट श्रीमती ललिता कुसरे और परामर्श नवांकुर संस्था प्रस्फुटन समिति सीएमसीएलडीपी के छात्र-छात्राओं को जल गंगा संवर्धन अभियान में उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

पूर्व राज्यपाल सुश्री अनुसूइया उइके जी कहा कि ने जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और नदियों की साफ-सफाई के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करती हूं। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की टीम को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए बधाई देती हूं। मुझे उम्मीद है कि उनके प्रयासों से जल संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ेगी और हमारा प्रदेश जल संपन्न बनेगा।

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित स्वैच्छिकता पर्व में पूर्व राज्यपाल सुश्री अनुसूइया उइके जी ने चौरई विकास खंड समन्वयक एडवोकेट श्रीमती ललिता कुसरे और परामर्शदाता नवांकुर संस्था प्रस्फुटन समिति सीएमसीएलडीपी के छात्र-छात्राओं को जल गंगा संवर्धन अभियान में उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर श्रीमती ललिता कुसरे ने कहा कि यह सम्मान हमें और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान में हमारी टीम का योगदान महत्वपूर्ण है और हमें उम्मीद है कि हमारे प्रयासों से जल संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ेगी।

## पीएमश्री विद्यालय कैलाश नगर में किया जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

# 94 हजार से अधिक मेधावी विद्यार्थियों को प्रदान किए लैपटॉप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

प्रदेश में मेधावी विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने और डिजिटल शिक्षा को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित ₹मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना₹ के अंतर्गत आज दिनांक 04 जुलाई को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा लैपटॉप राशि का वितरण सिंगल क्लिक ट्रांसफर के माध्यम से भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय सभागार में आयोजित कार्यक्रम से किया गया। कार्यक्रम में 12 वीं कक्षा में 75 प्रतिशत या अधिक अंक लाने वाले राज्य के कुल 94234 विद्यार्थियों को 25000 रूपये की राशि स्वीकृत की गई, जिससे वे स्वयं के लिए लैपटॉप खरीद सकें।छिंदवाड़ा तथा पांढुर्णा जिले कुल 2932 विद्यार्थियों को भी यह प्रोत्साहन




राशि प्रदान की गई है। यह कार्यक्रम राज्यभर के विद्यालयों में सजीव प्रसारण के माध्यम से दिखाया गया।

इसी क्रम में जिला स्तरीय कार्यक्रम अमरवाड़ा विधायक श्री कमलेश प्रताप शाह के मुख्य आतिथ्य में छिंदवाड़ा शहर के शासकीय पीएम श्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कैलाशनगर में भव्य रूप से संपन्न हुआ।

मुख्य अतिथि विधायक श्री कमलेश प्रताप शाह ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में लगातार सार्थक प्रयास कर रही है, जिसके परिणामस्वरूप सरकारी स्कूलों की स्थिति में पहले की तुलना में व्यापक सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि छिंदवाड़ा जिले का इस वर्ष का परिणाम उल्लेखनीय रहा है, जो शासन की योजनाओं, शिक्षकों के समर्पण और प्रशासनिक सतर्कता का परिणाम है।

## मेधावी योजना अंतर्गत विद्यार्थियों को लैपटॉप राशि जारी

**बिछुआ-** उत्कृष्ट विद्यालय बिछुआ में शुक्रवार को विकासखंड स्तरीय मेधावी विद्यार्थी योजना अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया,विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती जी की पूजा कर किया गया,एवं भोपाल में हुए राज्य स्तरीय कार्यक्रम को देखा एवं सुना गया,बिछुआ विकासखंड के 157 विद्यार्थियों के खाते में मुख्यमंत्री जी के द्वारा सीधे वन क्लिक के माध्यम से 25000 रुपए की राशि ट्रांसफर की गई,पूर्व मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीकांत गोलू नागरे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार शिक्षा के क्षेत्र में लगाकर अच्छा काम कर रही है,एवं प्रतिवर्ष मेधावी विद्यार्धियों को लैपटॉप के लिए पच्चीस हजार की राशि भाजपा सरकार के द्वारा दी जाती है,एवं उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की,इसी तारतम्य में शिक्षा समिति अध्यक्ष व जनपद उपाध्यक्ष निरंकुश नागरे ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीकांत गोलू नागरे,शिक्षा समिति अध्यक्ष जनपद उपाध्यक्ष निरंकुश नागरे,मंडल अध्यक्ष शैलेश चोपड़े,महामंत्री विजेंद्र सिंह दीक्षित,पार्षद बबलू आरगुड़े, उपाध्यक्ष बलदेव बोबडे,राजेश रघुवंशी,प्रमोद श्रीवास,रजत वानखेड़े,परमानंद उपासे,संस्था प्राचार्य वी के पडोले,जीवन सिंह रघुवंशी एवं शिक्षक गण सहित विकासखंड के मेधावी छात्र एवं छात्राएं उपस्थित थे।

## भाजपा जिलाध्यक्ष वार्ड 36 में करेंगे पौधारोपण

**छिंदवाड़ा।** भाजपा हर वर्ष 6 जुलाई को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती मनाती है। इसी तारतम्य में इस वर्ष भी जिला भाजपा आगामी 6 जुलाई को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती जिले के हर बूथ पर मनाने जा रही है। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जन्म जयंती कार्यक्रम के जिला संयोजक धर्मेंद्र मिगलानी ने बताया कि भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव नगर के वार्ड क्रमांक 36 स्थित डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी वाटिका चन्दनगांव में सुबह 10 बजे पौधारोपण करेंगे। वार्ड क्रमांक 36 में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम का संयोजन वार्ड पार्षद दिवाकर सदारंग द्वारा किया जाएगा।



## परासिया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने सौंपा तीन सूत्रीय मांगों का ज्ञापन

# गरीब और आदिवासियों का खून चूस रही भाजपा की सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया



भाजपा की तीन इंजन वाली सरकार में विकास व रोजगार को विराम लग चुका है, जबकि पूरी गति से केवल भ्रष्टाचार , अपराध और महंगाई दौड़ रही है । जिसमें सिर्फ और सिर्फ आम आदमी पिस रहा है । आम जनता को भनक भी नहीं लगती और रोजमर्रा की सामग्री से लेकर रेलवे का किराया बढ़ा दिया जाता है । जिसमें गरीब तबके का तेल निकल रहा है । भाजपा सरकार गरीब और आदिवासियों पर अत्याचार कर उनकी मेहनत व खून पसीने की गाढ़ी कमाई को चूस रही है । उक्त उदगार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी परासिया के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के नाम एसडीएम को ज्ञापन प्रस्तुत करते समय व्यक्त किए । ब्लॉक कांग्रेस कमेटी परासिया कार्यालय में मासिक बैठक आयोजित की गई । आयोजित बैठक में मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ छिन्दवाड़ा संसदीय क्षेत्र के विकास के लिए सतत संघर्षरत है , किन्तु भाजपा के सांसद , भाजपा की प्रदेश व केन्द्र सरकार के द्वारा जिले के विकास से कोसो दूर केवल झूठी वाहवाही लूट रही है । उपस्थित कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भाजपा की जनविरोधी नीतियों की खिलाफत और जिले के रूके हुए विकास पर भाजपा को जमकर घेरा । आयोजित बैठक में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी परासिया के द्वारा निकाली जाने वाली कांवड़ यात्रा के लिए भी विचार-विमर्श किए गए। बैठक उपरांत कांग्रेस कार्यालय से कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्तागण रैली के रूप में एसडीएम कार्यालय पहुंचे।

### तीन सूत्रीय मांगों का प्रस्तुत किया ज्ञापन

कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर राज्यपाल के नाम तीन सूत्री मांगों का ज्ञापन तहसीलदार को प्रस्तुत किया । प्रस्तुत ज्ञापन में कहा , कि जुलाई से अनावश्यक रूप से रेलवे के किराए में बढ़ोत्तरी कर दी गई है जिससे गरीब वर्ग परेशान है । प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पर फर्जी प्रकरण बनवाया गया है उसे तत्काल वापस लिया जाए । प्रदेश में आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार पर तत्काल रोक लगाई जाए। वर्तमान में अमरवाड़ा विधानसभा के हर्रई में आदिवासी के साथ हुई बबर्रता की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की जाए । ज्ञापन प्रस्तुत करते समय पूर्व विधायक लीलाधर पुरिया , नारायण शर्मा , नपाध्यक्ष गोविंद बिजौलिया , ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष कमल राय , समन्यवक बसंत मालवीय , नगर अध्यक्ष वीर बहादुर सिंह , ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष उमरेठ मानक बेलवशी , सुनील जायसवाल , उपाध्यक्ष नगर पंचायत हरिप्रसाद गुड्डा , नगर पंचायत चांदामेटा उपाध्यक्ष अमजद खान , अंजलि श्रीवास्तव , गगन खंडूजा , सुशील जायसवाल , निसार खान पार्षद सावित्री वर्मा , पूनम कैथवास , नीलोफर खान , ब्रजेश भलावी , प्रतिमा बैस , पूजा मरकाम , अलाउद्दीन खान , विवेक मिश्रा , दीनानाथ यादव व अजहर खान सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्तागण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे । बैठक का संचालन बसन्त मालवी एवं आभार कमल राय ने किया ।

# लैपटॉप की राशि पाकर खिल उठे विद्यार्थियों के चेहरे



हरिभूमि न्यूज ⏭ जुन्नारदेव

प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत कक्षा 12 वी में 75% अंक लाने पर शासन द्वारा लैपटॉप क्रय करने हेतु 25000 रुपए की राशि विद्यार्थियों के खाते में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा वन क्लिक के माध्यम से भेजी गई जिसका सीधा प्रसारण कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय सभागार भोपाल से टेलीविजन पर किया गया। इस उपलक्ष्य में नगर के शासकीय श्री नंदलाल सूद उत्कृष्ट विद्यालय जुन्नारदेव में छात्र छात्राएं जिन्होंने 75% अंक लाकर लैपटॉप वितरण योजना का लाभ लिया है उन्हे सम्मानित किया गया एवम प्रतीकात्मक रूप विद्यार्थियों को लैपटॉप एवम 25 हजार रुपए का चेक प्रदान किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक नथन शाह कवरेती, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे, एसडीएम कामिनी ठाकुर, मंडल अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी, मंडल महामंत्री अनिरुद्ध बूटा चटर्जी अपील समिति, सदस्य पार्षद संजय जैन, राजेंद्र सूर्यवंशी, प्रमोद बंदेवार, राजेंद्र सूर्यवंशी, शरद कुरोलिया, देवेंद्र टांडेकर, जितेंद्र सूर्यवंशी, विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका वर्षा बंदेवार, अलका तेलंग शिक्षक डी आर चौहान, अभय दुबे, शासकीय कन्या उच्चतर विद्यालय से शिक्षिका सुनीता सहारे, रचना वाजपेई, शिक्षक सुरेंद्र यादव, सुरेंद्र विश्वकर्मा शासकीय उच्चतर शाला घोरावाड़ी खुर्द से शिक्षिका आमना खान सहित समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# नए भवन में लगेगी वार्ड 3 की आंगनबाड़ी

## नगर पालिका अध्यक्ष ने किया लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

नगर के वार्ड क्रमांक तीन में आगनवाड़ी अब नए भवन में लगेगी । नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने शुक्रवार को आगनवाड़ी भवन का लोकार्पण किया । दस लाख रुपयों की लागत से परासिया सिविल अस्तपाल के समीप आगनवाड़ी का भवन बनाया गया है ।इससे पहले आगनवाड़ी किराए के भवन में संचालित होती थी । अब आगनवाड़ी के बच्चे नए भवन में बैठेंगे । नगर पालिका अध्यक्ष ने फीता काटकर लोकार्पण किया । इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष का जन्मदिन भी मनाया गया । उपस्थित अतिथियों और वार्ड वासियों ने केक काट कर नगर पालिका अध्यक्ष का जन्मदिन मनाया । इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने कहा , कि नगर में 10 आगनवाड़ी भवन बनाए जा रहे है । तीन का निर्माण पूरा हो चुका है । शीघ्र ही सभी का काम पूरा हो जाएगा । भवन हीन आगनवाड़ीयों को भवन स्वीकृत कराने प्रयास किया जाएगा । इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष महेश सोमकुंवर , जल सभापति बल्लू नागी , पार्षद नीलोफर खान , पूजा उईके , रुकमा बंसोड , ब्रिजेश भलावी , सावित्री वर्मा, प्रतीभा सोनी , वीर बहादुर सिंह, एएनएम प्रीती सराठे , कार्यकर्ता सविता डेहरिया, सहायिका फरीदा खान , आशा कार्यकर्ता लक्ष्मी डेहरिया आदि उपस्थित रहे ।

# लैपटॉप पाकर खिल उठे छात्र-छात्राओं के चेहरे



हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर

शुक्रवार को प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत में विकासखंड स्तरीय लैपटॉप वितरण कार्यक्रम का सांदीपनि विद्यालय में संपन्न हुआ.कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक विजय चौरे,पूर्व नाना मोहोड, कांग्रेस नेता विठ्ठल गायकवाड,,शाला प्राचार्य श्रीमती शैलजा बत्रा ,उप प्राचार्य संजय गवनेकर थे। लैपटॉप को पाकर बच्चे उत्साहित नजर आए है।सौसर विकास खंड में 427 विद्यार्थी लैपटॉप हेतु हुए चयनित.पूर्व मंत्री नाना मोहोड ने कहा कि प्रदेश सरकार एवं शिक्षा विभाग के साथ ही प्रदेश के मुख्यमंत्री के द्वारा बच्चों को आसानी से आधुनिक शिक्षा उपलब्ध हो सके इस देश को लेकर विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। जिसमे छात्र-छात्राओं के लिए निशुल्क गणवेश पुस्तक साइकिल छात्रवृत्ति, विदेश में पढ़ने की सुविधा के अलावा अब आधुनिक और विश्व स्तरीय शिक्षा बच्चों को उपलब्ध हो सके इसलिए प्रतिभाशाली बच्चों को लैपटॉप का वितरण किया जा रहा है,ताकि भविष्य में बच्चे और मेहनत के साथ पढ़कर अपनी मंजिल को पा सके अच्छे वैज्ञानिक डॉक्टर इंजीनियर बड़े अधिकारी बन सके,शाला प्राचार्य श्रीमती शैलजा बत्रा ने कहा की इस वर्ष विकासखंड सौसर में 427 विद्यार्थी लैपटॉप हेतु चयनित हुए तथा सांदीपनि विद्यालय सौसर में 65 विद्यार्थियों का चयन लैपटॉप वितरण किया गया है।विकासखंड के मेरिट लिस्ट में आई गरिमा सुरेश सोलंकी लिटिल स्टेप बोरगांव ,पायल कैलाश मकड़े शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पंधराखेड़ी ,अनुषा जयप्रकाश भारती लिटिल स्टेप बोरगांव ,अदिति अशोक सांदीपनि विद्यालय सौसर ,अक्षय शेषराव सिंगपुरे को पुरस्कृत किया गया। आभार प्रदर्शन संजय गवनेकर संचालन हितेश गणोरकर ने किया। आयोजन में सतीश डहरवाल,रामराव धुर्वे,दिवाकर चौरे,प्रदीप गोहत्रे, गौतम बंसोड़,सालबरडे, विनायक दीयावार, चंद्रकांत देशमुख, संजय पाडोले श्रीमती दिव्या मोहोड, कल्पना मानकर अंजू खरपूसे,चारू सेलोटकर, दीप्ति पटेल,संध्या झरारिया, कुसुम पवार आदि मौजूद रहे।

# स्थानांतरण पर आयोजित किया गया विदाई समारोह कार्यक्रम



**जुन्नारदेव।** शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव में रसायन शास्त्र विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ कुंजन सिंह सोनगरा के स्थानांतरण पर महाविद्यालय स्टाफ द्वारा विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा डॉ सोनगरा द्वारा ईमानदारी और निष्ठा से किए गए कार्य का बखान किया गया। डॉ संगीता वाशिंगटन द्वारा उन्हें कर्तव्य निष्ठ और हंसमुख व्यक्तित्व बताया गया। प्रो आरके चंदेल द्वारा उनके साथ बिताए गए खट्टे मीठे लम्हों की जानकारी साझा की। खेल अधिकारी नीरज पाल द्वारा उन्हें मिलनसारिता का पर्याय बताया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रो मनोज मालवीय द्वारा किया गया। इस दौरान महाविद्यालय स्टाफ से डॉ रश्मि नागवंशी, डॉ एके शेण्डे, डॉक्टर कविता मुकाती, डॉ रीना मेश्राम, प्रो मोहम्मद आबिद, डॉ गुंजा माहोरे, डॉ राहुल भारती, प्रोफेसर जागृति उईके, प्रो प्रवीण बोबडे सहित महाविद्यालय स्टाफ उपस्थित था।

# जनपद पंचायत किरनापुर में कृषि स्थाई समिति की हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

जनपद पंचायत किरनापुर की सभा कक्ष में कृषि स्थाई समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक कृषि स्थाई समिति के सम्मानीय श्री दिलीप बोहरे सभापति कृषि स्थाई समिति किरनापुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जनपद सदस्य संतोष चौधरी, योगराज भास्कर एवं उर्मिला पन्द्रे उपस्थित रहे ।इसमें सर्वप्रथम कृषि विभाग के द्वारा संचालित योजनाएं बीज वितरण, प्रदर्शन, न्यूट्री सीरियल प्रदर्शन से संबंधित जानकारियां दी गई। पशुपालन विभाग से डॉक्टर गौतम सर द्वारा टीकाकरण, पशु आहार, मत्स्य पालन विभाग, गौ वंशावली मेश्राम ने मछुआरा सामूह , क्रेडिट कार्ड, उद्यान विभाग से डी डी रावतकर सर द्वारा फलोद्यान ,गोल्ड स्टोरेज, आत्मा विभाग से श्री जगदीश कटारिया, न्यूट्री सीरियल काम एवं प्रदर्शन, रेशम विभाग से श्री घोड़मारे सर द्वारा रेशम पालन की विभागीय गतिविधियों की जानकारी दी गई। इसके साथ में विभागीय कृषि विस्तार अधिकारी श्री सीएम रामटेके ,श्रीमती रंजना भालाधरे ,आर के घरड़े, गांधी घोरमारे सभी विभागीय अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे ,कुलदीप गनवीर वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## विधायक के हस्ते 298 छात्र-छात्राओं को लैपटॉप के लिए प्रतीकात्मक चैक का किया गया वितरण

# स्कूल के शिक्षकों की मेहनत से बच्चे करते हैं अपने माता-पिता का नाम रोशनः पटेल



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव द्वारा शुक्रवार को कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर (मिन्टो हाल) भोपाल में कक्षा 12 वीं के प्रदेश भर के मेधावी छात्र-छात्राओं को लैपटॉप खरीदने के लिए उनके खाते में 25-25 हजार रूपये अंतरित किये गये है। इस योजना के माध्यम से सरकार छात्र-छात्राओं को डिजिटल शिक्षा और तकनीकी दक्षता की ओर प्रोत्साहित कर रही हैं। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण टी वी के माध्यम से संदीपनी शासकीय टिहलीबाई स्कूल के सभागार में विधायक विवेक विक्की पटेल की उपस्थिति में विद्यालय स्टाफ व विद्यार्थियों द्वारा देखा गया।

सांदीपनि शासकीय टिहलीबाई उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वारासिवनी में विधायक विवेक विक्की पटेल द्वारा कक्षा 12 वीं की परीक्षा में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले वारासिवनी विकासखंड के 11 स्कूलों के 298 छात्र-छात्राओं को लैपटाप खरीदने के लिए प्रतीकात्मक चैक के माध्यम से राशि का वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। जिसके बाद स्कूल की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत गाया गया। तत्पश्चात विधायक विवेक पटेल द्वारा बायो लैब का फीता काटकर शुभारंभ किया गया।

**वारासिवनी विकासखंड़ के 11 हायर सेकंडरी स्कूल के 298 छात्र-छात्राओं को मिला लाभः** स्कूल के प्रभारी प्राचार्य हुमराज पटले ने बताया कि छात्र-छात्राओं को दी जा रही लैपटॉप योजना सरकार की अच्छी योजना हैं। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा इंस्पायर अवार्ड योजना के तहत प्रदेश के 4 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं को लाभ मिल रहा हैं। जिसमें वारासिवनी सांदीपनि शासकीय टिहलीबाई स्कूल के 50 बच्चों को योजना का लाभ मिल रहा हैं। वारासिवनी सांदीपनि शासकीय टिहलीबाई स्कूल में इस वर्ष दो हजार से अधिक बच्चे अध्ययन कर रहे हैं। सरकार का टारगेट हैं कि कम से कम 2500 बच्चे स्कूल में अध्ययन करे। स्कूल में शिक्षकों का स्टाफ भी पूरा हैं।

**अपना लक्ष्य तय कर जीवन में आगे बढ़ेः** इस अवसर पर विधायक विवेक विक्की पटेल ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जिन मेधावी छात्र-छात्राओं को इस योजना का लाभ मिला हैं, वह आगे और मेहनत करे। जिन्होने इस वर्ष कक्षा 12 वीं में प्रवेश किया हैं, वे लोग भी मेहनत करे। हमें आगे क्या बनना हैं? इस लक्ष्य को तय कर अपने जीवन में आगे बढ़े। मैंने नगरपालिका अध्यक्ष रहते हुए भी इस स्कूल को बहुत कुछ दिया हैं और अब क्षेत्र की जनता ने आशीर्वाद देकर विधायक बनाया हैं। विधायक बनने के बाद प्रथम वर्ष हमने 250 छात्र-छात्राओं का सम्मान किया था। इस वर्ष भी हमने 500 से अधिक छात्र-छात्राओं का सम्मान किया हैं। हमारा क्षेत्र लगातार शिक्षा के क्षेत्र में ऊँचा उठ रहा हैं, जब भी स्कूल को मेरी आवश्यकता पड़ेगी, मै हमेशा सहयोग करता रहूंगा।

# शिक्षक नीलेश नेमा को सेवानिवृत्ति पर दी गई भावभीनी विदाई



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला थानेगांव में कार्यरत उच्च श्रेणी शिक्षक निलेश कुमार नेमा की सेवानिवृत्ति पर शाला स्टाफ व ग्रामीणों द्वारा उन्हें भावभीनी बिदाई दी गई। श्री नेमा ने अपनी शासकीय सेवा की शुरुआत प्राथमिक शाला भोंडवा लामता से 6 मार्च 1986 से की थी। उसके बाद उन्होंने माध्यमिक शाला कायदी में वर्ष 1991 से 2001 तक, टिहलीबाई माध्यमिक शाला वारासिवनी व प्राथमिक शाला तुमाड़ी में 2001 से 2016 तक अपनी सेवायें दी। उसके बाद उन्होंने वर्ष 2016 से 2024 तक प्राथमिक शाला कोदिया टोला एवं वर्ष 2024 से 2025 तक माध्यमिक शाला थानेगॉव में अपनी सेवाएं दी।

श्री नेमा की सेवानिवृत्ति में आयोजित बिदाई समारोह में बी आर सी सत्येंद्र शरणागत, यश राहांगडाले, बी एल राहांगडाले, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य श्री ठाकरे, हाई स्कूल थानेगांव के प्राचार्य अरविंद पारधी, प्राथमिक शाला कोदयाटोला से मनोज शांडिल्ल एवं श्री ठाकरे, सिहराटोला प्राथमिक शाला से श्री मर्सकोले और माध्यमिक शाला थानेगॉव का समस्त स्टाफ तथा ग्राम के गणमान्य नागरिक, शाला विकास समिति अध्यक्ष आदि उपस्थित रहे।

# शासकीय महाविद्यालय लॉंजी में दीक्षारंभ समारोह का हुआ आयोजनः नवप्रवेशित विद्यार्थियों का कॉलेज से कराया परिचय



**हरिभूमि न्यूज लाँजी।** मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के निर्देशानुसार शास महाविद्यालय लांजी में दिनांक 3 जुलाई को नवप्रवेशित विद्यार्थियों का दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का प्रारंभ मॉं सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया तत्पश्चात सरस्वती वंदना का सामूहिक गायन किया गया । कार्यक्रम के प्रारंभ में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि युगेश रामटेककर जनभागीदारी अध्यक्ष शासकीय महाविद्यालय लांजी का स्वागत तिलक, बैच लगाकर किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य आर. आर. सोनवाने द्वारा की गई । स्वागत की बेला में मंचासीन समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों का तिलक-बैच लगाकर किया गया तत्पश्चात मुख्य अतिथि श्री रामटेककर एवं समस्त महाविद्यालयीन स्टॉफ के द्वारा समस्त छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया । स्वागत समारोह के पश्चात कार्यक्रम संयोजक सुरेन्द्र कुमार चिखले सहायक प्राध्यापक एवं ई-प्रवेश नोडल अधिकारी द्वारा कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की गई । श्री चिखले द्वारा समस्त नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय में प्रवेश हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की गई एवं शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, छात्रवृत्ति, प्रवेश प्रक्रिया, प्रतियोगी परीक्षाओं आदि विषयों पर विस्तार से जानकारी प्रदान की गई । इसके पश्चात मुख्य अतिथि श्री रामटेककर के द्वारा समस्त नवप्रवेशितछात्र-छात्राओं का स्वागत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की गई इसके साथ ही छात्र-छात्राओं को भारतीय संस्कृति की विरासत एवं वर्तमान युग में इसकी प्रासंगिकता पर विस्तार से चर्चा की गई । इसके पश्चात डॉ गौतमा कठाने सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र द्वारा छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति योजना, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, युवा महोत्सव, कार्यक्रम आदि विषयों की जानकारी देते हुए अनुशासन की बात कही गई । कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य आर आर सोनवाने द्वारा समस्त नव प्रवेशित विद्यार्थियो का महाविद्यालय में प्रवेश पर स्वागत अभिवादन किया गया । अपने उद्बोधन में प्राचार्य महोदय द्वारा भारत की सांस्कृतिक, सामाजिक, ऐतिहासिक एवं भौगोलिक विरासत विविधता पर ज्ञानवर्धक जानकारी प्रदान की गई इनके द्वारा उड़ीसा स्थित जगन्नाथ पुरी मंदिर का उदाहरण देते हुए उल्टे दिशा में स्थापित ध्वज की धार्मिक एवं वैज्ञानिक महत्व पर प्रकाश डाला गया । तत्पश्चात गोलू परते सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र द्वारा नवप्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय की वेबसाईट उच्च शिक्षा विभाग की वेबसाईट, पाठयक्रम, आदि विषयों पर जानकारी दी गई।

# आज श्रीकृष्ण मंदिर से भगवान जगन्नाथ की निकलेगी भव्य रथयात्रा

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



उड़ीसा के जगन्नाथपुरी में निकाली जाने वाली जगन्नाथ यात्रा के तर्ज पर वारासिवनी नगर में 5 जुलाई को शाम 4 बजे जैन मोहल्ले स्थित कृष्ण मंदिर से जगन्नाथ रथ यात्रा निकाली जाएगी। इस कार्यक्रम की रूपरेखा को मूर्त रूप प्रदान करने के लिए बड़ा श्रीराम मंदिर में बैठक आहूत की गई। बैठक में श्री रामलला सेवा समिति के सभी पदाधिकारी और सदस्य गण उपस्थित रहे।

समिति उपाध्यक्ष डॉ. रविंद्र ताठौड़ ने बताया कि भगवान जगन्नाथ के साथ भ्राता बलराम और बहन सुभद्रा की रथ यात्रा जैन मोहल्ला स्थित कृष्ण मंदिर से प्रारंभ होकर गोलीबारी चौक, आंबेडकर चौक, नेहरू चौक, जय स्तंभ चौक, दीनदयाल चौक होते हुए वापस बस स्टैंड होकर श्रीराम मंदिर पहुंचेगी। जहां यात्रा का समापन होगा।

इस पवित्र कार्यक्रम में सभी भक्तों को जगन्नाथ प्रभु का रथ खींचने का अवसर प्राप्त होगा। यह आयोजन नगर में प्रथम बार श्री राम लला सेवा समिति के तत्वावधान, सहयोगी संस्था इस्कॉन द्वारा सनातन धर्मावलंबियों के सहयोग से किया जा रहा है। यह पूरी रथयात्रा जगन्नाथपुरी में निकाली जाने वाली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा की तरह होगी। भगवान जगन्नाथ, अपने भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ लोगों को करूणा बरसाने, आशीर्वाद देने के लिए निकलेगे। जिसके बाद पूजन और कथा वाचन के बाद भक्तों को महाप्रसाद वितरण किया जाएगा।

समिति अध्यक्ष संजय रूसिया ने बताया कि.रथयात्रा में भगवान जगन्नाथ, भ्राता बलभद्र और बहन सुभद्रा के दर्शन मात्र से ही सारे कष्टों का निवारण हो जाता हैं। यही कारण है कि प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में लोग यात्रा को देखने और भगवान का आशीर्वाद लेने जगन्नाथपुरी जाते हैं। उन्होंने वारासिवनी में सनातन धर्मावलंबियों के साथ निकाली जाने वाली इस यात्रा में नागरिकों से बड़ी संख्या में शामिल होकर आशीर्वाद लेने पहुंचने की अपील की है।

समिति कोषाध्यक्ष राकेश सोनी ने बताया कि इस यात्रा के लिए एक महीने से तैयारी की जा रही हैं। इसका प्रचार प्रसार के लिए हमने नगर के विभिन्न मंदिरों और वार्डों में जाकर चर्चा कर इसे भव्य रूप देने के लिए सभी से आह्वान किया हैं। जिसमें हमने वार्ड नंबर 1 मिश्रा नगर स्थित राधा कृष्ण मंदिर, जैन मोहल्ला स्थित कृष्ण मंदिर, श्री जागेश्वर शिव मंदिर, वाल्मीकि मंदिर, श्री सिद्धि विनायक मंदिर और विभिन्न वार्डों के अलावा सभी सर्वसमाज के अध्यक्ष और सभी सामाजिक संस्थाएं से मिलकर इस आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

## खबर संक्षेप

### आईटीआई में प्रवेश के लिए तीसरे राउंड के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया प्रारंभ

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्राचार्य शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सिवनी ने बताया कि शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सिवनी एवं जिले की समस्त आईटीआई में प्रवेश हेतु तृतीय राउंड हेतु नवीन रजिस्ट्रेशन / रजिस्ट्रेशन में त्रुटि सुधार, इच्छुक संस्थाओं की तथा व्यवसायों की प्राथमिकता क्रम का चयन / इच्छुक संस्थानों के प्राथमिकता के क्रम में चॉइस फिलिंग लॉक करने के पूर्व तक त्रुटि सुधार ऑनलाइन पोर्टल पर 05 जुलाई 2025 से 11 जुलाई 2025 तक निरंतर जारी है। आवेदक किसी भी ऑनलाइन सहायता केंद्र/स्वयं के द्वारा अथवा किसी भी नजदीकी शासकीय आईटीआई के हेल्पडेस्क के माध्यम से अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। रजिस्ट्रेशन उपरांत इच्छित संस्था व व्यवसाय का चयन करना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि शासकीय आईटीआई सिवनी में संचालित व्यवसाय कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट, इलेक्ट्रीशियन, डेस्कटॉप पब्लिसिंग ऑपरेटर, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक, मैकेनिक डीजल, फिटर, स्टेनो हिंदी, मशीनिष्ट, कारपेंटर, मैकेनिक मोटर व्हीकल, वेल्डर, टर्नर एवं ड्राफ्ट्समेन सिविल, इंनियरिंग एवं नॉन इंनियरिंग क्षेत्र के व्यवसायों में प्रशिक्षण प्राप्त कर आप अपना रोजगार एवं स्वरोजगार स्थापित कर भविष्य उज्जवल बना सकते हैं। अधिक जानकारी शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सिवनी में संचालित हेल्प डेस्क से प्रति दिवस प्राप्त की जा सकती है व रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है।

# कृपा यात्रीगण ध्यान दें: 15 जुलाई से नैनपुर, सिवनी, छिंदवाड़ा, आमला, भोपाल, इटारसी होकर इंदौर जायेगी पेंचवेली एक्सप्रेस

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इंदौर-सिवनी (पेंचवैली) एक्सप्रेस (19343/19344) को अब नैनपुर तक विस्तारित किया जा रहा है। यह निर्णय रेलवे बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया गया है और इसकी उद्घाटन यात्रा 14 जुलाई 2025 को नैनपुर से प्रारंभ होगी।**



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

रेलवे द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार ट्रेन संख्या 19343 (इंदौर - सिवनी) पेंचवैली एक्सप्रेस अब 15 जुलाई 2025 से नैनपुर तक चलेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 19344 (छिंदवाड़ा - इंदौर) पेंचवैली एक्सप्रेस अब नैनपुर से इंदौर तक चलेगी।

**मेंटेनेंस व्यवस्था में बदलाव**

पप्राथमिक मेंटेनेंस अब इंदौर (WR) में RBPC के साथ और दूसरा सिरा नैनपुर (SECR) में होगा। नई ट्रेन विस्तार के अनुसार छिंदवाड़ा से नैनपुर के बीच वाणिज्यिक ठहराव चौरई, सिवनी, भोमा, केवलारी, और नैनपुर में होगा।

### सेवाओं में और परिवर्तन

ट्रेन संख्या 59396 (सिवनी-बेतुल पैसेंजर) और 59395 (बेतुल-छिंदवाड़ा पैसेंजर) को अब पेंचवैली एक्सप्रेस से अलग कर दिया गया है। इन ट्रेनों को स्थ्रष्टक्र रैक लिंक से जोडक़र अब 58829/58830 (सिवनी-बेतुल-सिवनी) के रूप में चलाया जाएगा। ये परिवर्तन भी 14 जुलाई 2025 से प्रभावी होंगे।

### रेलवे ने क्या कहा?

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के प्रमुख परिचालन प्रबंधक कार्यालय, बिलासपुर द्वारा जारी अधिसूचना में बताया गया है कि यात्रियों की सुविधा और ट्रैफिक मैनेजमेंट को ध्यान में रखते हुए यह बड़ा निर्णय लिया गया है।

इंदौर और नैनपुर के यात्रियों के लिए यह एक अच्छी खबर है। यह विस्तार न केवल यात्रा को सुगम बनाएगा, बल्कि मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों को बेहतर तरीके से आपस में जोड़ेगा। पेंचवैली एक्सप्रेस के विस्तार से पर्यटन, व्यापार और यातायात सभी क्षेत्रों को लाभ पहुंचेगा।

**पेंचवेली एक्सप्रेस इंदौर से नैनपुर जाते समय का टाइम टेबल इस प्रकार है:**

| स्टेशन | 19343 (इंदौर-नैनपुर) प्रस्थान | 19344 (नैनपुर-इंदौर) प्रस्थान | |
|---|---|---|---|
| इंदौर (INDB) | | 13:05 बजे | आगमन - 12:45 बजे |
| छिंदवाड़ा (CWA) | 03:20 / 03:35 बजे | | 22:15 / 22:25 बजे |
| चौरई (CHUA) | | 04:03 / 04:05 बजे | 20:28 / 20:30 बजे |
| सिवनी (SEY) | 04:40 / 04:45 बजे | | 20:05 / 20:10 बजे |
| भोमा (BHV) | | 05:03 / 05:05 बजे | 19:43 / 19:45 बजे |
| केवलारी (KLZ) | | 05:23 / 05:25 बजे | 19:15 / 19:17 बजे |

□ नई समयसारणी इस प्रकार है:

| स्टेशन | 58829 (सिवनी-बेतुल) | 58830 (बेतुल-सिवनी) | |
|---|---|---|---|
| सिवनी (SEY) | | 05:30 बजे | आगमन - --- |
| चौरई (CHUA) | 06:24 / 06:26 बजे | | --- |
| छिंदवाड़ा (CWA) | | 07:10 / 08:00 बजे | 20:15 / 20:25 बजे |
| बैतूल (BZU) | आगमन - 12:35 बजे | प्रस्थान - 16:00 बजे | |

छिंदवाड़ा-बेतुल-छिंदवाड़ा मार्ग के बीच समय में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

## स्कूली ऑटो की चपेट में आया 18 माह का मासूम, मौके पर ही हुई मौत



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

कोतवाली थाना क्षेत्र में स्थित केजीएन कॉलोनी 03 जुलाई 2025 की दोपहर उस समय मातम में बदल गई जब हड्डी गोदाम एरिया में 18 माह का मासूम बच्चा रोहान खान एक स्कूली ऑटो की चपेट में आ गया। यह दर्दनाक हादसा दोपहर लगभग 1:30 बजे घटित हुआ, जब बच्चा सडक़ पर खेल रहा था और उसी वक्त एक स्कूली ऑटो तेजी से वहां से गुजर रहा था।

इस दुर्घटना का वीडियो भी सामने आया है, जो घटना की वास्तविकता को दर्शाता है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि बच्चा सडक़ के किनारे खेल रहा था और ऑटो चालक ने बिना सतर्कता के वाहन आगे बढ़ाया, जिससे बच्चा चपेट में आ गया। यह दृश्य इतना हृदय विदारक था कि देखने वालों की रूह कांप उठी।

घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। बच्चे की मां-बाप का रो-रो कर बुरा हाल है। क्षेत्र में शोक का माहौल व्याप्त है। इस नन्हे जीवन की अकाल मृत्यु ने हर किसी की आंखों को नम कर दिया है। मासूम रोहान की मौत ने पूरे इलाके में दुख की लहर दौड़ा दी है। दुर्घटना के तुरंत बाद ऑटो चालक मौके से फरार हो गया। कोतवाली थाना पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच प्रारंभ कर दी है। ष्टष्टञ्जङ्क फुटेज के आधार पर चालक की पहचान की जा रही है और उसकी गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। एफआईआर दर्ज कर ली गई है और धारा 304्र(गैर इरादतन हत्या) के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस दर्दनाक हादसे के बाद स्थानीय नागरिकों में आक्रोश व्याप्त है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि स्कूली वाहनों पर सख्त निगरानी रखी जाए।

कई लोगों ने बताया कि स्कूली ऑटो चालक अक्सर ओवरलोडिंग करते हैं, तेज गति से वाहन चलाते हैं और ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करते। यदि समय रहते ट्रैफिक नियमों का कड़ाई से पालन करवाया जाता तो यह मासूम आज जीवित होता।

## अतिवर्षा से पेड़ गिरा




**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** लगा तार हो रही बरसा से पूरे जिले मे जल भराव की स्थिति बनी हुई है अतिवर्षा से पेड गिरने से उगली केवलारी रोड लगभग 2-3 घंटे बाधित रहा।

# गणेशगंज: स्कूल के किचन सेट के अंदर भर पानी

हरिभूमि न्यूज गनेशगंज ।

गणेशगंज विकासखंड लखनादौन अंतर्गत गणेशगंज पिछले 15 घंटे से लगातार हो रही बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है, जहां एक ओर कई जगहों पर निचले स्थानों में पानी भरने के समाचार प्राप्त हुए हैं वहीं दूसरी ओर गणेशगंज के आसपास के क्षेत्रों में आने जाने वाले मार्ग अवरुद्ध हो गए हैं ।





गणेशगंज के स्कूल में किचन सेट की बिल्डिंग मैं भर पानी खाना बनाने वाली रसोइयों को हो रही है परेशानी किचन सेट की बिल्डिंग सुधारने के लिए कई बार आवेदन दे चुके हैं। ग्राम पंचायत बी आर सी लखनादौन को इस और ध्यान नहीं दे रहे 3 वर्ष से जर्जर बिल्डिंग मैं बच्चों के लिए रसोइयों द्वारा बनाया जाता है भजन कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना रसोइयों की मांग है जल्द से जल्द दूसरी बिल्डिंग मैं शिफ्ट किया जाए।

**इनका कहना**

जल्द ही दूसरी बिल्डिंग में शिफ्ट करवाते हैं।

**बी आर सी लखनादौन**

## विधायक रजनीश सिंह ने लैपटॉप वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित होकर सहभागिता किया



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** 04 जुलाई को केवलारी विधायक ठा.रजनीश हरवंश सिंह ने संदीपनी विद्यालय छपारा में मेधावी छात्र छात्राओं को निशुल्क लैपटॉप वितरण में सम्मिलित होकर सहभागिता किया ।

कार्यक्रम के आयोजन में सर्वप्रथम मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन के द्वारा वर्चुअल माध्यम से विद्यार्थियों मेधावी विद्यार्थियों को संबोधित कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं । तत्पश्चात कार्यक्रम के आयोजन में विधायक ठा.रजनीश हरवंश सिंह ने प्रभारी मंत्री सिवनी करण सिंह वर्मा की उपस्थिति में माननीय मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन द्वारा प्रतिभावान विद्यार्थियों प्रोत्साहन योजना अंतर्गत छपारा विकासखंड के मेधावी विद्यार्थियों को प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना अंतर्गत 25000रू. की राशि से लैपटॉप वितरण किया एवं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ प्रेषित की । कार्यक्रम के आयोजन में सिवनी जिला प्रभारी मंत्रीकरण सिंह वर्मा , सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन , बरघाट विधायक कमल मर्सकोले , जिला कलेक्टर सु.श्री. संस्कृति जैन , पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील मेहता समेत समस्त क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि गण,समेत सी एम राइज स्कूल के समस्त शिक्षक गण एवं समस्त विद्यार्थीयों एवं पालक गणों की गरिमामयी उपस्थिति रही ।

# जान जोखिम में डाल कर पानी में डूबे पुलिया को पार कर निकली स्कूली छात्रा

**हरिभूमि न्यूज छब्बी लाल कमलेशिया गणेशगंज। सिवनी जिला लखनादौन गणेशगंज रायचौर जानकारी के यह जंगली एक नाला है,जिस पर बने पुलिया की उंचाई बहुत कम है जिस कारण से पुलिया जाम हो जाती है पुलिया डूब जाती है।**

### ग्रामीण बारिश में बनी समस्या



सुबह स्कूल गए बच्चो को लौटते वक्त नाला उफान पर मिला, क्योंकि गांव का मुख्य सड़क से जोड़ने बाला केवल एक ही रास्ता है, जिस पर पड़ने वाला जंगली नाले का पुल कब डूब जाए कुछ कहा नहीं जा सकता सुबह दस बजे गांव के छात्र स्कूल गए थे तो पुलिया के ऊपर से पानी बह रहा था शाम को स्कूल की छुट्टी के बाद घर वापस आ रहे थे तो पुलिया से तीन फीट ऊपर से पानी बह रहा था, ऐसे में स्कूली बच्चों और ग्रामीणों को अपनी जान जोखिम में डालकर पुलिया को पार किया, रेवाराम ठाकुर इमरान खान इकबाल खान रंजीत ठाकुर ने बताया कि पुलिया मिट्टी लकड़ी जाम हो जाने के कारण से ऊपर से पानी जा रहा है लंबे समय से ग्रामीण पुलिया की ऊंचाई बढ़ाने की मांग प्रशासन से कर रहे हैं लेकिन अभी तक उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई है, जिसके चलते स्कूली बच्चों के साथ, साथ गांव वाले भी जान जोखिम में डालकर इस पुलिया को पार करने के लिए मजबूर हो रहे हैं।

## वर्षा ऋतु में वाहन संचालन के दौरान दुर्घटनाओं की आशंका को लेकर एडवाइजरी जारी

**सिवनी।** अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सिवनी द्वारा वर्षा ऋतु में वाहन संचालन के दौरान दुर्घटनाओं की आशंका के मद्देनजर रोकथाम एवं बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है।

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सिवनी द्वारा जारी एडवाइजरी अनुसार जलमग्न पुल-पुलियों या रपटों पर किसी भी स्थिति में वाहन न चलाये जाए, वाहनों की तकनीकी फिटनेस की पूर्व जांच कर उन्हें ही संचालन मे लाएं, वाहनों में ओवरलोडिंग पूर्णतः वर्जित रहेगी। गीली सड़कों पर गाड़ी चलाते समय गति कम रखें और अचानक मुड़ने या ब्रेक लगाने से बचें। आगे चल रहे वाहन से सुरक्षित दूरी बनाएं रखें ताकि अचानक ब्रेक लगाने की आवश्यकता पड़ने पर पर्याप्त समय मिल सके। बारिश में विंडशील्ड वाइपर का उपयोग करें और सुनिश्चित करें कि आपकी हेडलाइट्स और टेललाइट्स ठीक से काम कर रही हैं। टायरों में पर्याप्त हवा भरें और उनकी स्थिति की जांच करें ताकि फिसलन से बचा जा सके। बारिश में गाड़ी चलाते समय अन्य वाहनों और पैदल चलने वालों के प्रति जरूरी सावधानी बरतें। बारिश में अपने वाहन की हेडलाइट्स को चालू रखें ताकि दृश्यता बनी रहे। गीली सड़कों पर गाड़ी चलाते समय गति कम रखे और अचानक मुड़ने या ब्रेक लगाने से बचें।

### जिले में 310.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई

**सिवनी।** भू-अभिलेख कार्यालय सिवनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 01 जून से 04 जुलाई 25 तक 310.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। विकासखंडवार वर्षा की प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से 04 जुलाई तक विकासखंड सिवनी में 251.6 मि.मी, कुरई में 59.0 मि.मी., बरघाट में 122.7 मि.मी., केवलारी में 427.6 मि.मी., छपारा 374.1 मि.मी, लखनादौन में 356.4 मिमी, धनौरा में 316.9 मिमी एवं घंसौर में 579.0 मिमी. वर्षा, इस प्रकार कुल 2487.3 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है।

## पी जी कालेज में तीन दिवसीय दीक्षारांभ समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी में तीन दिवसीय दीक्षारांभ समारोह 3 जुलाई 2025 को जन भागीदारी अध्यक्ष श्री अजय बाबा पाण्डेय के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। दीक्षारंभ कार्यक्रम का उद्देश्य नए विद्यार्थियों को नए परिवेश में सहज महसूस कराने, उनमें संस्थान की विशिष्ट प्रकृति तथा संस्कृति को सीखने एवं अन्य छात्रों और संकाय सदस्यों के साथ संबंध बनाने तथा उन्हें व्यापक उद्देश्य तथा स्वयं की खोज की भावना से परिचित कराना था। प्रथम दिवस पर प्राचार्य डॉ रविशंकर नाग एवं जन भागीदारी अध्यक्ष श्री अजय बाबा पांडे के मुख्य आथित्य में महाविद्यालय में दीक्षारांभ समारोह का प्रारंभ मां सरस्वती जी के पूजन अर्चन से हुआ। प्रथम दिवस पर प्राचार्य के द्वारा प्रवेश उत्सव के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम संयोजक डॉ मान सिंह बघेल द्वारा महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं से नव प्रवेशित विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। डॉ सविता मसीह द्वारा वर्ष भर आयोजित किए जाने वाले सांस्कृतिक गतिविधियों के संदर्भ में प्रकाश डाला गया। डॉ एम एल चौधरी ने कालेज प्रवेश के संबंध में एवं प्रो रंजीता चौधरी ने हेल्प डेस्क के संबंध में जानकारी प्रदान की। द्वितीय दिवस पर कार्यक्रम संयोजक डॉक्टर मानसिंह बघेल द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में एवं सत्र 2025 26 से प्रथम वर्ष में हुए संशोधन के संदर्भ में विस्तृत जानकारी प्रदान की। डॉ जे. नावकर द्वारा प्रतिभा किरण के संदर्भ में एवं डॉ सीमा मर्सकोल द्वारा गांव की बेटी योजना के संदर्भ में,डॉ श्याम सिंह राहंगडाले द्वारा भारतीय ज्ञान परंपरा के संदर्भ में, श्री ज्ञानचंद जी के द्वारा विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।प्रो सत्येंद्र कुमार शेंडे द्वारा साहित्यिक गतिविधियों के संदर्भ में एवं ग्रंथालय प्रभारी श्री सी एल अहिरवार द्वारा ग्रंथालय से प्राप्त होने वाली समस्त सुविधाओ के संदर्भ में विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान की गई। दीक्षारंभ के तृतीय दिवस पर डॉ मान सिंह बघेल द्वारा स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के संदर्भ में एवं नई शिक्षा नीति की अंक प्रणाली के संदर्भ में नव प्रवेशित विद्यार्थियों को अवगत कराया गया।डॉ पवन वासनिक द्वारा एनसीसी एवं अग्निवीर योजना के संदर्भ में, डॉ गणेश मंतारे द्वारा एन एस एस के संदर्भ में, श्री के सी राउर क्रीड़ा अधिकारी द्वारा खेलकूद गतिविधियों एवं विभन्न प्रतियोगिता के संदर्भ में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई ।निश्चित ही दीक्षारंभ कार्यक्रम नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करने में सहायक सिद्ध होगा। महाविद्यालय के विभिन्न समिति संयोजकों के द्वारा नव प्रवेशित विद्यार्थियों को दीक्षारंभ कार्यक्रम के अंतर्गत शासन की योजनाओं से अवगत कराया गया।

### राजस्व प्रकरणों तथा विभागीय योजनाओं की प्रगति की कलेक्टर ने की समीक्षा

# राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

बैठक में कलेक्टर सुश्री जैन ने राजस्व न्यायालयवार लम्बित नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दुरुस्तीकरण और सीमांकन प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा कर सम्बंधित राजस्व अधिकारी को प्रकरणों के निराकरण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। कलेक्टर सुश्री जैन ने एक माह में भीतर लम्बित सीमांकन प्रकरणो को निराकृत करने के निर्देश दिये। उन्होंने केवलारी एवं लखनादौन तहसील में अभिलेख दुरुस्तीकरण के प्रकरणों को प्राथमिकता से त्वरित रुप से निराकरण करने के निर्देश दिये। कलेक्टर सुश्री जैन में धरती आबा अभियान में शामिल ग्रामों के जनजातीय व्यक्तियों को जाति प्रमाणपत्र जारी करने की प्रगति की समीक्षा कर त्वरित रूप से शत प्रतिशत प्रकरणों को निराकरण करने के निर्देश दिये। कलेक्टर सुश्री जैन ने अनुभागवार स्वामित्व योजना, फार्मर रजिस्ट्री, आधार लिंकिंग, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के पात्र किसानों की ई-केवायसी सहित भू-राजस्व वसूली की भी विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने स्वामित्व योजना अंतर्गत तहसीलवार ग्रामवार 15 दिवस से अधिक समय से लम्बित प्रकरणों पर अधिकारिवार चर्चा कर लंबित रहने के कारण को जाना। उन्होंने प्रकरणों के निराकरण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कलेक्टर सुश्री जैन ने सभी राजस्व अधिकारियों को गिरदावरी के लंबित प्रकरणों तथा मूंग उत्पादक कृषकों के सत्यापन प्रकरणों को त्वरित रूप से निराकृत करने के निर्देश दिये हैं।

कॉलेज कोड पी 554
प्रवेश प्रारंभ
डी.पी.चतुर्वेदी महाविद्यालय सिवनी
बी.ए. बी.एस.सी एम.ए.
एस.एस.(गणित, भैतिक.रसायन)
बी.कॉम एम.कॉम
डी.एड.(सभी ऑनलाईप्रक्रिया)
Major & Miner - (Each)
Open Elective Web Designing, Nursing & Hygiene, Public Administration, M.S. Office, Computer Fundamental, Multimedia, Animation
CONTACT-9424904765, 94799887990, 9407807850
9685863421, 8770294939, 9752264388, 9479467886

हमारी सुविधाएं
टी.एम.टी.,सोनोग्राफी, 2-डी इकोकार्डियोग्राफी,हड्डी के समस्त ऑपरेशन,महिला एवं प्रसूती,रोग जनरल फिजिशियन सर्जरी, आई.सी.यू.,एनआईसीयू,मॉड्यूलर, ओटीसी.टी.,स्केन,डायलिसिस, पैथोलॉजी सभी प्रकार की जांच सुविधा)
जिले का एक मात्र सर्वसुविधायुक्त अस्पताल
बिसेन मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
अब सिवनी में भी नागपुर जैसी सुविधा
24 घंटे आपकी सेवा में यहाँ पर सभी ऑपरेशन और भर्ती मुफ्त में आयुष्मान योजना के तहत उपलब्ध कराई जाती है। आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए यह सुविधा केन्द्र शासन के दिशा निर्देश के तहत दी जा रही है।
एस.पी. बंगला रोड, बारापत्थर सिवनी 6266248010, 9174594814

**खबर संक्षेप**

## शाउवि किरनापुर में मुख्यमंत्री लैपटॉप योजना सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



**किरनापुर।** मुख्यमंत्री लैपटॉप योजना सम्मान समारोह कार्यक्रम शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किरनापुर में संपन्न हुआ जिसमें विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री गणेश प्रसाद सोनी, जनपद सदस्य चेतना कराहे, संस्था की प्राचार्य श्रीमती अनीता तारन, धनराज पटावी, व्ही. के. बोरकर ,धीरेंद्र श्रीवास, एस. आर. पांचे, सुश्री के. जांगड़े, सोफिया खान ,वर्षा चौरागढ़े, पुष्पा खैरवार, वंदना पटले, एकता बसोड़, घनश्याम रामटेके, तेजलाल मस्करेअतिथि शिक्षक, श्री किशोर बुराडे, रिसीवर कावडे, रंजीत घरते, मुनेश कटरे, रवि प्रकाश कटरे, खान मैडम ,कोल्ते सर, बालकिशन यादव ,बिसेन मैडम ,आई. पी. लिल्हारे तथा समस्त स्टाफ उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्री सुरेंद्र कुमार चित्रीव द्वारा किया गया।

## जिला न्यायाधीश ने जिला जेल बालाघाट का किया निरीक्षण

**बालाघाट।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट श्री प्राणेश कुमार प्राण द्वारा 04 जुलाई को जिला जेल बालाघाट का निरीक्षण किया गया एवं वहॉ की व्यवस्था को देखा गया। इस दौरान जिला जेल बालाघाट के समस्त वार्डो में निरूद्ध बंदियों से चर्चा की गई तथा जेल में शौचालय, पेयजल व्यवस्था, बंदियों की भोजन व्यवस्था व उसकी गुणवत्ता का निरीक्षण किया गया। साथ ही बंदियों के लिए उपलब्ध चिकित्सीय सुविधा एवं जेल में उपलब्ध दवाईयों एवं वीडियों कान्फ्रेसिंग सुविधा के संबंध में जानकारी ली गई। प्रधा जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा महिला वार्ड में महिला बंदियों को जमानत संबंधी प्रावधानों के बारे में जानकारी भी दी गई।साथ ही भोजन वितरण के समय बंदियों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता का परीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता में सुधार किये जाने के निर्देश दिये गए। इस अवसर पर न्यायाधीश व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट श्री सतीश शर्मा, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री अविनाश छारी, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री जीतेन्द्र मोहन धुर्वे एवं जेल अधीक्षक श्री रामलाल सहलाम उपस्थित रहें।

### वन विभाग की लापरवाही उजागर, ट्रैक्टरों से परिवहन हो रहा मुरुम

# कंजई पहाड़ी से हो रहा मुरूम का खनन, कहां गए जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

वन विकास निगम परिक्षेत्र लालबर्रा अंतर्गत ग्राम कंजई मे शिव मंदिर के पास पहाड़ी से इन दिनों मुरूम की खुदाई चल रही है जो वन परिक्षेत्र अधिकारी की लापरवाही को दर्शाती है,खुलेआम दिनदहाड़े ट्रैक्टर से पहाड़ी को खोद कर मुरुम का अवैध तरीके से उत्खनन किया जा रहा है लेकिन किसी भी वन विकास निगम के अधिकारी और कर्मचारीयों को पहाड़ी में मुनारे के पास मुरम का गड्ढा नहीं दिखाई दे रहा जो बड़ा ही दुर्भाग्य का विषय है आखिर कर क्या रहे हैं रेंजर. क्या उन्हें अपने परिक्षेत्र की वन और खनिज संपदा की सुरक्षा का दायित्व नहीं है जो दिन दहाड़े पहाड़ी को खोद कर मुरूम का खनन हो रहा है और प्राकृतिक पहाड़ी का स्वरूप बिगाड़ने का काम किया जा रहा है क्या वन विकास निगम के जिम्मेदार अधिकारी नींद में है. जो उन्हें पहाड़ी में हो रहा खनन दिखाई नहीं दे रहा। सूत्रों का दावा है कि वन विकास निगम के अधिकारी और कर्मचारियों की साठ गांठ से ही अवैध उत्खनन हो रहा है जो बहुत ही गंभीर विषय है वन विभाग अपने दायित्व का निर्वहन करें और अवैध उत्खनन पर रोक लगाए अन्यथा प्रबुद्ध जन वन विकास निगम के लालबर्रा परिक्षेत्र अधिकारी की मुख्यमंत्री से शिकायत करनें मजबूर हो जाएंगे..?



### चांगोटोला में आज जलेगा अलाव

## मुहर्रम पर मस्जिद और घर-घर में जिक्रे हुसैन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मुहर्रम का चांद दिखने के बाद से मुस्लिम समुदाय में हजरत इमाम हुसैन की याद में मजलिसें शुरू हो गई हैं। मस्जिदों और घरों में शोह-दाए-कर्बला की महफिलें आयोजित की जा रही हैं।

जामा मस्जिद चांगोटोला के खंजाची सज्जू आजाद (छुट्टन) ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की तरह आज शनिवार को शाम के समय ईसा के बाद 9.30 बजे छुट्टन शाह फकड़ बाबा के घर से सवारी जुलूस निकलेगा जिसमें चौक चौराहे पर अखाड़ा खेला जाएगा तथा ग्रीन पार्क स्टेडियम चांगोटोला में अलाव का आयोजन रखा गया हैं। लंबे समय से चांगोटोला में मौला-ए-काय़नात शहिदाने कर्बला इमाम हुसैन की याद में ताज़िया बनाये जाते हैं तथा जुलूस निकालकर हजरत इमाम हुसैन की शहादत को याद किया जाता हैं। मुहर्रम की 9 तारीख को चांगोटोला नगर का भ्रमण करते हुए जुलूस निकाला जाता हैं तथा खादीम को सवारी आती हैं, मुस्लिम समुदाय के द्वारा चौक-चौराहे तथा अपने घरों पर लंगर शरबत का वितरण किया जाता हैं। इमाम हुसैन की याद में उनके बलिदान का जिक्र कर ईमान को ताजा किया जाता हैं। जुलूस में छुट्टन शाह फकड़ बाबा, बफाती दरिया वाले बाबा, रज्जाक शाह, सैय्यद बाबा तस्लीम शाह बैहट वाले बाबा की सवारी अलाव में (गुस्ल) प्रवेश करेगी। मुहर्रम के आयोजन को लेकर अंजुमन इस्लामिक कमेटी चांगोटोला के द्वारा थाना प्रभारी को एक ज्ञापन सौंपा गया हैं तथा व्यवस्था बनाने की मांग की गई हैं। अंजुमन इस्लामिया कमेटी के सदर मेहफूज शाह ने ग्राम के समस्त नागरिकों से अपील की हैं, कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करेंगे।



## महासभा के राष्ट्रीय सचिव सागर बिसेन ने भाजपा के नये प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात कर पुष्प गुच्छ भेंटकर खुशी जाहिर की

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

खैरलांजी तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम भजियादंड के समाजसेवी एंव राष्ट्रीय पवार क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय सचिव सागर बिसेन के द्वारा 4 जुलाई शुक्रवार को भारतीय जनता पाट्री के प्रदेश कार्यालय भोपाल में पहुंचकर भारतीय जनता पाट्री के नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष हेंमत खंडेलवाल से मुलाकात की एंव उनके प्रदेश अध्यक्ष बनने पर खुशी जाहिर करते हुए पुष्प गुच्छ भेंटकर बधाई दी। यह जानकारी राष्ट्रीय पवार क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय सचिव एंव भाजपाई सागर बिसेन ने दि। उन्होंनो बताया की भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेंमत खंडेलवाल व्यक्तित्व के धनी है व मिलनसार है उनके नेतृत्व में पाट्री बहुत आगे जायेगी और मजबूती मिलेगी । सागर बिसेन ने बताया की नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष हेंमत खण्डेलवाल से मेरे बहुत पहले से जुड़ाव है । जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय पवार क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय सचिव एंव समाजसेवी सागर बिसेन खैरलांजी तहसील के ग्राम भजियादंड के रहने वाले है। वे अपनी प्रतिभा लगन व मेहनत से भोपाल में व्यवसायिक क्षेत्र में कार्यरत है तथा सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने को लेकर कटंगी खैरलांजी क्षेत्र में उनकी अलग पहचान है। जिन्होंने भाजपा के प्रदेश स्तरीय कार्यालय में नव निर्वाचित भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात कर शुभकामनाऐ दी।



### ग्रामीणों का आरोप जनप्रतिनिधि भी नहीं दे रहे ध्यान

## चोर पिंडकेपार में कीचड़ से लथपथ हुई सड़क

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

विधानसभा क्षेत्र कटंगी के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत टुईयापार के ग्राम चोर पिंडकेपार के सभी 08 वार्डों में सड़कों के हाल-बेहाल है. सर्वाधिक खस्ताहाल सड़क वार्ड क्रमांक 15 और 16 की है. बारिश के बाद सड़क कीचड़ से लथपथ हो गई है. जिस कारण ग्रामीणों को आवागमन करने में परेशानियों की सामना कर रहे है. स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि बीते कई वर्षों से सड़क बदहाल है जिस ओर जनप्रतिनिधियों का ध्यान नहीं है. चोर पिण्डेकपार में सभी वार्डों में सड़क का आधा-अधूरा निर्माण हुआ है. ग्रामीण काफी लंबे समय से चोर पिंडकेपार को अलग ग्राम पंचायत बनाने की मांग कर रहे है. ग्रामीणों ने बताया कि सड़क की दुर्दशा की वजह से वाहन चलाने से लेकर पैदल चलने में भी परेशानी हो रही है. स्कूली विद्यार्थियों को सर्वाधिक परेशानी हो रही है. ग्रामीणों को अपने रोजमर्रा के कार्यों के लिए हर रोज इस सड़क से गुजरना पड़ता है. लोगों को मजबूरी हालात में इस सड़क से जाना करना पड़ रहा है. इस जगह पर वाहन को ले जाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है. स्थानीय लोगों ने शासन-प्रशासन से यहां पर फिलहाल पानी की उचित निकासी करने की मांग की है ताकि लोगों को इस समस्या से छुटकारा मिल सके।

ग्रामीणों के मुताबिक पंचायत सरपंच बता रहे कि सरकार से सीसी सड़क निर्माण करने के लिए राशि नहीं मिल रही है जबकि जनपद पंचायत के अधिकारियों के द्वारा विशेष बैठक के दौरान इस समस्या को पंचायत के प्रस्ताव में लाकर निर्माण करवाने का भरोसा दिया जाता है. ग्रामीणों ने बताया कि वार्ड क्रमांक 15 और 16 में सड़क निर्माण होने से ग्रामीणों को काफी राहत मिल सकती है।



## जिला पंचायत की कृषि समिति की बैठक में कृषि संबंधी योजनाओं की हुई समीक्षा

**बालाघाट।** 04 जुलाई को जिला पंचायत की कृषि समिति की बैठक का आयोजन किया गया। समिति के सभापति श्री टामेश्वर पटले की अध्यक्षता में यह बैठक जिला पंचायत कार्यालय सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में सहकारिता विभाग, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, जिला सहकारी बैंक, कृषि उपज मंडी समिति, मतस्य विभाग, पशुपालन विभाग, कृषि अभियांत्रिकी विभाग एवं कृषि से संबंधित अन्य विभागों की योजनाओं की समीक्षा की गयी। समिति के सचिव एवं उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय द्वारा खरीफ वर्ष 2025 हेतु बीज वितरण की स्थिति, खाद की उपलब्धता एवं विभागीय समस्त योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी।

## कृषि विभाग की परामर्शदात्री समिति की बैठक हुई संपन्न

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास के सभाकक्ष में 04 जुलाई को परामर्सदात्री समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मप्र कृषि विस्तार अधिकारी संघ, मप्र राज्य कर्मचारी संघ के माध्यम से एजेण्डा उपलब्ध कराया गया। बैठक में उप संचालक कृषि फूलसिंह मालवीय, सहायक संचालक कृषि विनय धुर्वे, जिला अध्यक्ष मप्र शासकीय कर्मचारी संघ डी.के.खंण्डेलकर, श्री सुनील मेश्राम प्रान्तीय सचिव मप्र शिक्षक कांग्रेस, सजल मस्की जिला अध्यक्ष मप्र कर्मचारी कांग्रेस, जितेन्द्र नकाशे ब्लॉक अध्यक्ष राज्य.कर्म.संघ, राजेश्वर पाटिल, पीके भालेराव कृ.वि.अधिकारी आदि उपस्थित रहें।

बैठक में रबी वर्ष 2024-25 में वितरित चना प्रदर्शन, नगद बीज वितरण के अनुदान शीघ्र किसानों के खाते में डालने, कृषि विस्तार अधिकारियों की कलेक्टर प्रतिनिधि के रूप में परीक्षा में ड्यूटी न लगाने, पदोन्नति के लिए वरिष्ठता सूची को सहीं एवं सुधार करने के संबंध में, शेष कृषि विस्तार अधिकारियों के मोबाईल की शेष 04 हजार रुपये की राशि देने एवं जिन अधिकारियों को सिम प्राप्त नहीं हुई है उन्हें सिम उपलब्ध कराने के साथ ही वर्ष 2023-24 में कृषि विस्तार अधिकारियों की नियुक्ति हुई है उन्हें एरियर्स दिये जाने के संबंध में चर्चा की गयी।

मप्र कर्मचारी कांग्रेस संघ के माध्यम से प्राप्त एजेण्डा में 01 अप्रैल 2025 की स्थिति में भृत्य, लिपिक, अधिकारी कर्मचारी की वरिष्ठता सूची अपग्रेड करने, अधिकारी कर्मचारी की सेवा पुस्तिका 01 अप्रैल 2025 की स्थिति में अपग्रेड करने के संबंध में एवं कार्यालय में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा लगाने के लिए निवेदन किया। उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय द्वारा सभी बिन्दुओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी।



## बैहर एसडीएम ने जारी किया प्रतिबंधात्मक आदेश

### नदी, नाला, तालाब, झरने एवं पानी के ऊफान वाले स्थलों में आमजन का जाना प्रतिबंधित किया गया

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

वर्षा ऋतु में बाढ़, पानी में डूबने या बहने या भू-स्खलन होने जैसी दुर्घटनाओं में जन हानि की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए बैहर एसडीएम श्री अर्पित गुप्ता ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा-163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। आमजन की सुरक्षा को देखते हुए राजस्व अनुविभाग बैहर के अंतर्गत नदी, नाला, तालाब, झरने एवं पानी के ऊफान वाले स्थलों में आमजन का जाना प्रतिबंधित किया गया है।

इस संबंध में जारी आदेश में कहा गया है कि 01 जुलाई से वर्षा ऋतु प्रारंभ हो गई है। इस दौरान अतिवर्षा होने पर नदी, नाले, तालाब, झरना तथा पानी के ऊफान वाले स्थलों पर बाढ़ आने की संभावना रहेगी। अतः राजस्व अनुभाग बैहर में बाढ़ एवं अतिवर्षा की स्थिति में नदी, नालों, तालाब, झरने एवं पानी के उफान वाले स्थलों पर आम जनों का जाना प्रतिबंधित रहेगा। कोई व्यक्ति भी बाढ़ की स्थिति में इन स्थलों के 100 मीटर के दायरे में प्रवेश नहीं करेगा। इसी प्रकार पहाड़ी स्थलों पर जहां भू-स्खलन या जमीन धसकने की संभावना हो, उसके 100 मीटर के दायरे में आमजन का प्रवेश वर्जित रहेगा। जन सुरक्षा की दृष्टि से किसी भी व्यक्ति के नदी, नाले, झरने, तालाब आदि में नहाने पर प्रतिबंध लगाया गया है । इस आदेश का उल्लंघन करने पर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

## 7 माह बाद नगर परिषद में हुआ सम्मेलनः अध्यक्ष की अस्वस्थता के बीच विधायक ने संभाला बैठक का मोर्चा

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

नगर परिषद अध्यक्ष योगेंद्र ठाकुर के अस्वस्थ होने की वजह से करीब 07 माह से परिषद में बैठक नहीं होने के बाद शुक्रवार 04 जुलाई की शाम 04 बजे नगर परिषद के सभा हाल में विशेष समारोह का आयोजन हुआ. अध्यक्ष योगेन्द्र ठाकुर ने समारोह की अध्यक्षता की और विधायक गौरव सिंह पारधी सभी वार्डों को पार्षदगण मौजूद रहे. विशेष सम्मेलन में 10 प्रमुख विषयों पर चर्चा की गई. इसमें पूर्व से तय एंजेडे के विषय क्रमांक 01 अध्यक्ष नगर परिषद के स्वास्थ्य संबंध और धारा 48 पर विचार और निर्णय पर उपाध्यक्ष धर्मकला देशमुख को छोड़कर सभी 12 पार्षदों ने एकराय से विरोध दर्ज कर असहमति दर्ज कराई. सम्मेलन में वार्ड क्रमांक 10 की पार्षद सिम्मी सोनपुरे अनुपस्थित रही. बता दें कि धारा 48 को लेकर बैठक बुलाने का निर्णय पूर्व में पार्षदों के द्वारा उस वक्त लिया गया था जब अध्यक्ष अस्वस्थ्य थे हालांकि आज अध्यक्ष के अस्वस्थ्य होने के बावजूद उनकी अध्यक्षता में सम्मेलन का आयोजन हुआ. जिस कारण पार्षदों ने विषय क्रमांक 01 पर असहमति दर्ज करवाई और धारा 48 के बिंदु (1), (2), (3), (4) का विस्तृत रूप से लिखित में अभिमत दर्ज करवाया. विशेष सम्मेलन में अन्य विषयों पर बारी-बारी से चर्चा की गई 02 विषयों को छोड़कर बाकि सभी पर पार्षदों ने असहमति दर्ज करवाई. अस्वस्थ होने के कारण अध्यक्ष बैठक में खामोश रहकर अपने साथी पार्षदों की बातों को सुनते रहे. हालांकि अध्यक्ष ने जैसे ही नगर परिषद के परिसर में अपना पहला कदम रखा था उन्होंने मुस्कुराते हुए सभी का अभिवादन स्वीकार किया था।

06 माह को तीन दिन शेष

07 जनवरी की रात्रि अध्यक्ष योगेन्द्र ठाकुर अचानक से अस्वस्थ हो गए थे. उन्हें मस्तिष्क आघात पहुंचा था करीब 2 माह तक नागपुर के एक प्राइवेट अस्पताल में उनका उपचार जारी रहा. उनकी हालात में सुधार होने पर परिजन उन्हें घर लेकर आए है. योगेन्द्र ठाकुर के अस्वस्थ होने के बाद से लेकर अब तक उनकी जगह पर उपाध्यक्ष को भी पदभार नहीं दिया गया. इस बीच पार्षदों ने धारा 48 में मिले अधिकारों का उपयोग करते हुए एक बैठक बुलवाई थी. 29 मई 2025 को विधायक की उपस्थिति में ही बैठक आयोजित की गई लेकिन बैठक की अध्यक्षता कौन करेगा यह तय नहीं होने के कारण बैठक स्थगित हो गई थी. उस वक्त भी विधायक, उपाध्यक्ष की उपस्थिति में बैठक आयोजित करवाना चाह रहे थे लेकिन पार्षदों ने उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में बैठक का विरोध कर दिया था. गौरतलब हो कि 07 जुलाई के दिन अध्यक्ष योगेन्द्र ठाकुर की परिषद में अनुपस्थिति के 06 माह पूरे होने थे लेकिन इससे ठीक पहले विशेष सम्मेलन का आयोजन हुआ. समारोह की अध्यक्षता शारीरिक रूप से अस्वस्थ्य योगेंद्र ठाकुर ने की।



## कलेक्टर ने बैंकर्स की बैठक में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

भारत सरकार द्वारा अधिक से अधिक लोगो को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के दायरे में लाने के लिए 01 जुलाई 2025 से सम्पूर्ण देश में विशेष अभियान प्रारंभ किया है। यह अभियान 03 सितम्बर 2025 तक चलेगा। इस अभियान के अंतर्गत असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले लोगो को अटल पेंशन योजना से जोड़ने, आमजन को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से जोड़ने का काम किया जाएगा। इसके साथ ही जिन लोगों के किसी भी बैंक में खाते नही है उनके जनधन योजना में खाते खोलने के कार्य किया जाएगा। इस अभियान को लेकर कलेक्टर श्री मृणाल मीणा ने 04 जुलाई को बैंक के अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में अग्रणी बैंक प्रबंधक श्री जीव कुमार, सभी बैंको के समन्वय अधिकारी एवं पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री मीणा ने बैठक में बैंक अधिकारियों से कहा कि भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के निर्देश पर जिले में भी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में अधिक से अधिक लोगो को जोड़ने का अभियान प्रारंभ किया गया है। इस अभियान में बालाघाट जिले में 50 हजार लोगो को जोड़ने का लक्ष्य लेकर चल रहे है। इसमें बैंक अधिकारियों को पूरी जिम्मेदारी और गंभीरता से काम करना होगा। सभी बैंक अधिकारियों को अपने लक्ष्य से अधिक लोगो को इन योजनाओं से जोड़ना होगा। जिले में पूर्व से चलाए गए अभियान में कैनरा बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, इंडियन ओवरसीज बैंक, मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक की प्रगति अत्यंत कम है। इन बैंको को इस पर विशेष ध्यान देना होगा। जिले में संचालित प्राईवेट बैंको द्वारा इन योजनाओं में अब तक कोई काम नहीं किया गया है। यह स्थिति ठीक नहीं है।



कलेक्टर श्री मीणा ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, मुख्यमंत्री किसान कल्याण निधि, लाडली बहना योजना, तेंदूपत्ता संग्राहक एवं अन्य योजनाओं के हितग्राहियों की सूची जिला प्रशासन द्वारा बैंको को उपलब्ध करायी जाएगी, जिससे वे अधिक से अधिक लोगो को सुरक्षा योजनाओं के दायरे में ला सकेंगे। इन योजनाओं के क्रियान्वयन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बैंकर्स एवं बीसी को 15 अगस्त को जिला एवं राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। कलेक्टर श्री मीणा ने बैंकर्स से कहा कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं सुरक्षा बीमा योजना में एक वर्ष की अवधि के लिए बीमा कराया जाता है। अवधि समाप्त होने के पहले ही हितग्राही के नवीनीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होने कहा कि जिले में इस अभियान के अंतर्गत लगाए जा रहे शिविरों में कुछ स्थानों से बैंक बीसी के नहीं पहुंचने की शिकायत मिल रही है। किसी भी शिविर में ऐसा नही होना चाहिए। जब शासन के अधिकारी शिविर में पहुंच रहे है तो बैंक बीसी को समय पर अनिवार्य रूप से पहुंचना चाहिए।

## चंदपुरी, गोंडीटोला एवं डोकरबंदी में रागी एवं अरहर बीज का वितरण

**बालाघाट।** 03 जुलाई को लालबर्रा ब्लॉक के ग्राम चंदपुरी, गोंडीटोला, डोकरबंदी में कृषक पंजीयन एव रागी बीज का वितरण किया गय। उपसंचालक कृषि फूलसिंह मालवीय के निर्देशानुसार वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी लालबर्रा के मार्गदर्शन में आंचल खोबरागड़े कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत चंदपुरी में रोजगार सहायक, लोकेश गिरी सचिव खरे एवं ग्रामीणो को रागी बीज मिनी किट का वितरण किया गया एवं साथ में कृषक पंजीयन भी किया गया। इसी प्रकार गोंडीटोला में कृषक ज्ञानीराम उईके को अरहर एवं कोदो का बीज फसल प्रदर्शन के अंतर्गत प्रदान किया गया। ग्राम चंदपुरी के जयशंकर को अरहर एवं कोदो का बीज प्रदान किया गया।

## परिषद के स्थापना दिवस पर आयोजित हुआ ₹स्वैच्छिकता पर्व₹ और सराहनीय को मिला सम्मान

**बालाघाट।** म. प्र. जनअभियान परिषद के स्थापना दिवस के अवसर पर बालाघाट में ₹स्वैच्छिकता पर्व₹ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मान विधायक गौरव पारधी, अपर कलेक्टर श्री जी एस धुर्वे, जिला समन्वयक सुशील बर्मन अन्य ने माँ भारती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अतिथियों का स्वागत पुष्पमालाओं से नहीं अपितु पौधा-भेंट करके किया गया। जिला समन्वयक ने स्वागत भाषण देते हुए कार्यक्रम की विस्तृत रुपरेखा और जिला बालाघाट में चल रहीं गतिविधियों का वृत्त प्रस्तुत किया।

